प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.01.2025/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर जिला के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नादौन में सब्जी मंडी के समीप नवनिर्मित उप–अग्निशमन केन्द्र का लोकार्पण करेंगे। कल 11 जनवरी को भी सेरा में जनसमस्याओं की सुनवाई के बाद लगभग साढ़े 12 बजे हड़ेटा में आर्थिक विकास व आजीविका सृजन परियोजना 'नवजीवन' की आधारशिला रखेंगे और सेरा में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे।

समारोह

ऊना जिले के हरोली उपमंडल में आज राज्य स्तरीय जल जागरूकता समारोह का आयोजन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने को समर्पित यह आयोजन हरोली उपमंडल के कांगड़ मैदान में आरंभ होगा। समारोह में प्रदेश में बीते साल आई भारी प्राकृतिक आपदा के दौरान जल शक्ति विभाग के कार्यों पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की जाएगी।

आकांक्षी

आकांक्षी ज़िला चंबा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को घर उपलब्ध करवाने के लिए नया सर्वेक्षण शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से चंबा ज़िला में अब तक 20 हजार से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध करवाए गए हैं। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि योजना के तहत बेघर परिवारों को आवास उपलब्ध करवाने के लिए विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है और दिन की शुरूआत खिली धूप से हुई है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी और ऊना में कुछ स्थानों पर लोगों को घने कोहरे के साथ कड़ाके की शीतलहर का सामना करना पड़ रहा है। उना जिले में घने कोहरे के कारण सड़क व रेल यातायात पर भी असर पड़ रहा है। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे उना जिला संवाददाता राजेश शर्मा–––

उधर, अटल टनल रोहतांग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बहाल कर दी गई है। अब फोर बाई फोर वाहन धुंधी व सिसु की तरफ जा सकते हैं और सामान्य वाहन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक ही अटल टनल पार कर सकते हैं जबकि दोपहिया वाहनों को सिर्फ सोलांगनाला तक की जाने की छूट है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज प्रदेश में साफ मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। विभाग ने 11 व 12 जनवरी को प्रदेश के कुछ स्थानों पर बर्फबारी व बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने प्रदेश मंत्रिमंडल के फैसलों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है—अब डेढ़ लाख तक आय, कैंसर पीड़ित और महिला मुखिया वाले परिवार भी बीपीएल में। पंजाब केसरी के शब्द हैं—2 लाख 82 हजार बीपीएल चयन के लिए मापदंड बदले, अप्रैल में नए सिरे से होगा सर्वेक्षण। दिव्य हिमाचल लिखता है—हिमाचल में दोबारा होगा बीपीएल सर्वे। दैनिक जागरण का शीर्षक है—बीपीएल की आय सीमा डेढ़ लाख रूपये—गंभीर बीमारियों से पीड़ित भी होंगे शामिल।